कार्यालय सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बरेली

पत्रांक : 434 /1C दिनांक : 31 /01/2019

सेवा में,

प्रबन्धक
सोबतीस पब्लिक स्कूल
ग्रीन पार्क,
बरेली

विषय : नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुसार प्रमाण पत्र देनें के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्र दिनांक 29.01.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है सोबतीस पब्लिक स्कूल, ग्रीन पार्क, बरेली के विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में अवगत कराया गया कि भवन का निर्माण वर्ष 2001–02 में कराया गया है। भवन वर्तमान में भू–तल पर 09 कक्ष, 01 हाल एवं प्रथम तल पर 11 कक्ष निर्मित है। भवन प्रथम तल तक निर्मित है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त स्कूल भवन के प्रबन्धक द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ पत्र एवं संलग्न अन्य तकनीकी प्रमाण पत्रों के दृष्टिगत विद्यालय भवन का सम्पूर्ण निर्माण कार्य Er. Hari Shanker Pathak, PBD Pathak Building Designers, Architect Consultants, Approved Estimators, Engineer & Planners 213/48, Jagatpur, Near Kusum Kumari Girls Inter College Bareilly License no. V/O 90(1) के दक्ष तकनीकी स्टाफ की देख–रेख में नेशनल बिल्डिंग कोड मे प्राविधानित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का तकनीकी परीक्षण उपरान्त वर्तमान स्थिति तक कराया गया है। भवन स्वामी द्वारा दिये गये शपथ–पत्र, आर्किटेक्ट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र तथा स्थल निरीक्षण के क्रम में उक्त भवन के अब तक कराया गया निर्माण एन0बी0सी0 मानकों के अनुरूप प्रतीत होता है। लो0नि0वि0 द्वारा पूर्वनिर्मित भवन सामग्री का परीक्षण नहीं किया जा सकता। अतः उक्त के आधार पर अब तक निर्मित भवन एन0बी0सी0 मानको के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। शासन द्वारा समय–समय पर जारी नेशनल बिल्डिंग कोड के अन्तर्गत नियमों का पालन करना स्वयं भवन स्वामी को सुनिश्चित करना होगा।

संलग्नक : Er. Hari Shanker Pathak
PBD Pathak Building Designers,
Architect Consultants, Approved Estimators,
Engineer & Planners 213/48, Jagatpur,
Near Kusum Kumari Girls Inter College
Bareilly License no. V/O 90(1) द्वारा
दिया गया प्रमाण पत्र एवं अन्य
सभी प्रपत्र

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली
31/01/19

पत्रांक : / दिनांक : /01/2019

प्रतिलिपि : अवर अभियन्ता(प्रावै0), प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

(PRINCIPAL)
SOBTIS PUBLIC SCHOOL
GREEN PARK,
BAREILLY